# **प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 06.09.2023**

प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 06.09.2023

**हत्या के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल चाकू बरामद (थाना दिलीपपुर)**

दिनांक 01.09.2023 को थाना क्षेत्र दिलीपपुर के ग्राम कोठियाही में एक व्यक्ति को चाकू से मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया गया था जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना दिलीपपुर में मु0अ0सं0 147/2023 धारा 302 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के द्वारा उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर संबंधित को कड़े निर्देश दिये गये थे, इसी क्रम में आज दिनांक 06.09.2023 को थाना दिलीपपुर के थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री राधेश्याम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित,वारण्टी अभियुक्त/ विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त से संबंधित वांछित अभियुक्त पंकज पटेल पुत्र रामप्रकाश पटेल नि0ग्राम कोठियाही थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र दिलीपपुर के ग्राम कोठियाही मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 चाकू उसके घर के पास से बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 4/25/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है।

**पूछताछ का विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्त पंकज पटेल उपरोक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि पुरानी रंजिश को लेकर मृतक से उसकी मारपीट हुई थी, उसी मारपीट में मृतक को चाकू से मारकर घायल कर दिया था जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

पंकज पटेल पुत्र रामप्रकाश पटेल नि0ग्राम कोठियाही थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ ।

**पुलिस टीमः-** थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री राधेश्याम मय हमराह थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़।

प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 06.09.2023

**चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, 03 टकड़ा RRH पावर केबल बरामद (थाना दिलीपपुर)**

जनपद के थाना दिलीपपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 155/2023 धारा 379, 411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त विशाल सिंह पुत्र खदेरु नि0ग्राम रामराम चौराहा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को रिलाइंस जियो टावर में नियुक्त कर्मियों की मदद से थानाक्षेत्र के ग्राम शिवसत के पास से पकड़ा गया था, जिसे थाना दिलीपपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया व उपरोक्त मुकदमा से सम्बन्धित चोरी 03 टकड़ा RRH पावर केबल बरामद की गई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

विशाल सिंह पुत्र खदेरु नि0ग्राम रामराम चौराहा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़।

**बरामदगीः-**

चोरी का 03 टकड़ा RRH पावर केबल।

प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 06.09.2023

**हत्या का प्रयास के अभियोग से सम्बन्धित 01 अभियुक्त गिरफ्तार 01अदद चाकू बरामद (थाना संग्रामगढ़)**

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 श्री अमित सिंह मय हमराह द्वारा द्वारा देखभाल क्षेत्र / तलाश वांछित,वारण्टी अभियुक्त/ विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना संग्रामगढ़ के मु0अ0सं0 202/23 धारा 307, 323, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित 01अभियुक्त 01.सचिन पटेल पुत्र रामशरन पटेल निवासी ग्राम आमीपुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र संग्रामगढ़ के ग्राम आमीपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 चाकू बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01.सचिन पटेल पुत्र रामशरन पटेल निवासी ग्राम आमीपुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़

**बरामदगीः-** 01 अदद चाकू बरामद।

**पुलिस टीमः-** उ0नि0 श्री अमित सिंह मय हमराह थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़।